>

Title: Regarding rise in prices.

**श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी):** महोदया, मुझे चार-पांच मिनट बोलने का समय दे दीजिए। यह जो बजट पेश हुआ है, उसके बारे में मैं कुछ बातें कहना चाहता हूं।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** ठीक है, आप बोलिए।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि इस बजट में बेरोजगारों के लिए, किसानों के लिए, छात्रों के लिए और बीमार लोगों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। गरीब आदमी गंभीर बीमारियों के लिए केन्द्रीय संस्थानों में इलाज नहीं करा सकते हैं, उनके लिए अनुदान कहां है? छात्रों के लिए अनुदान कहां है? उत्तर प्रदेश सरकार ने दवाई और पढ़ाई मुफ्त की थी, बेरोजगारों के लिए भत्ता दिया था और पूरे देश में एक आदर्श कायम किया था। मुझे खुशी है कि मध्य प्रदेश सरकार हमारी नीतियों का अनुसरण कर रही है। इसलिए मैं चाहता हूं कि यह जो अनुदान है, माननीय प्रधानमंत्री जी, वित्त मंत्री जी एवं श्रीमती सोनिया गांधी जी यहां बैठी हैं, इस पर हमें विचार करना पड़ेगा कि इतनी गंभीर बीमारियां हो रही हैं और कोई गरीब एम्स में इलाज नहीं करा सकता है, वहां भी दवाई महंगी है। आखिर हमने कैसे लोगों का पीजीआई में मुफ्त इलाज कराया? पीजीआई एम्स के आधार पर बना है। सैफई में अभी तक मुफ्त इलाज क्यों हो रहा है? वह उच्च स्तरीय मेडिकल कॉलेज है। उसे पूरे हिन्दुस्तान का छठवां मेडिकल कॉलेज माना गया है। मैं यह जानना चाहता हूं कि गरीब की दवाई के लिए पैसा कहां है, मुफ्त पढ़ाई कहां है, वजीफा कहां है? देश का पिछड़ा वर्ग और दलित होता जा रहा है । यहां चार-पांच मिनिस्टर बन गए, तो इससे थोड़े दलितों का उत्थान हो जाएगा। इसमें मुसलमानों के लिए कहीं कोई राहत नहीं है। हमने मुसलमानों के लिए काम किया है। इसके उल्टे महंगाई बढ़ती जा रही है। आज जब सत्र चल रहा है, अरहर की दाल आठ रूपए महंगी कर देने का क्या मतलब है? क्या यह हम भारत बंद को चुनौती है? हम लोग आज हड़ताल पर हैं। पूरा हिन्दुस्तान कैसे हड़ताल पर चला गया? आज भारत बंद क्यों हो गया? इतना विशाल उत्तर प्रदेश, बिहार और कोलकाता तक पूरी सड़क जाम हो गयी है, पूरी रेल बंद हो गयी है और जालौन से लेकर कई जिलों में लाठीचार्ज हुआ है। हड़ताल में भाग लेने के लिए गरीब निकला था, किसान निकला था, मजदूर निकला था। छात्र एवं नौजवान के लिए इस बजट में आप क्या दे रहे हैं? गरीबों के लिए, किसानों के लिए मजदूरों के लिए, बेरोजगारों के लिए, बीमार लोगों के इलाज के लिए आपने कहां बजट रखा है? यही मैं जानना चाहता हूं। इसीलिए हमारा संघर्ष है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** मैं कहना चाहता हूं कि अभी भी समय है, इस बजट में गरीब के लिए मुफ्त पढ़ाई, मुफ्त दवाई और बेरोजगारी भत्ता कन्या विद्या धन दिया जाए, जो हमने करके दिखाया है। आपको सोचना चाहिए कि बीजेपी की सरकार मध्य प्रदेश में ये सभी सुविधाएं देनी शुरू कर दी है। उतना नहीं कर पाए हैं, लेकिन शुरू अवश्य कर दिया है, हमारी नीतियों का माना है। गांधी जी को आप भूल गए। गांधी जी ने कहा था कि जब तक गांव विकसित नहीं होंगे, बताइए कि गांवों के लिए अनुदान क्या है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** अब अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी):** जब तक गांव सम्पन्न नहीं होंगे, आप देश का उत्थान कैसे कर सकते हैं? गांव पिछड़ते चले जा रहे हैं, शहर बसाए जा रहे हैं, लेकिन अभी भी देश की 80 प्रतिशत जनता गांवों पर निर्भर है। 65 फीसदी आज खेती करने वाले लोग हैं। अगर बेरोजगारी किसी ने कम की है, तो किसानों का योगदान है। आज भी 65 फीसदी रोजगार किसान दे रहे हैं, लेकिन किसान के लिए कोई अनुदान नहीं है। गरीब के लिए कोई अनुदान नहीं है, पढ़ाई-लिखाई के लिए कोई अनुदान नहीं है। बेरोजगारों की भर्ती नहीं कर रहे हैं। हमने बेरोजगारों की भर्ती की। अगर भर्ती नहीं कर पाए, तो बेरोजगारी भत्ता दिया। इसलिए हम चाहते हैं कि सामान्य बजट की जो शेष अनुदानों की मांगें आप ले रहे हैं, तो वित्त मंत्री जी अपने उत्तर में यह बताएं कि इन वर्गों के लिए आपने क्या प्रावधान किया है और मैंने जिन पांच-छः बातों का जिक्र आपके सामने किया है, उनके लिए आप क्या करने वाले हैं?

**श्री लालू प्रसाद (सारण):** अध्यक्ष महोदया, इस समय कमरतोड़ महंगाई एक स्पेसिफिक सवाल है। आज पूरे देश में, देश की जनता ने चाहे नौजवान हों, मजदूर हों या कोई भी हो, सब सायं छः बजे तक सड़कों पर आए...(व्यवधान) महाराज जी, आप बैठ जाएं...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया:** लालू जी, आप आसन को सम्बोधित करें।

**श्री लालू प्रसाद :** आज सुबह दस बजे से लेकर सायं छः बजे तक हमने सड़क से संसद तक कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया है। जब से देश में यूपीए की दोबारा सरकार बनी है, महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। आज दाल से लेकर जितने भी खाद्यान्न पदार्थ हैं, सब चीजों के दाम बढ़ते ही जा रहे हैं। यह ठीक है कि महंगाई के लिए और कालाबाजारी के लिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें समान रूप से जिम्मेदार हैं।

अध्यक्ष महोदया, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। आज देश में कमरतोड़ महंगाई सबसे बड़ा सवाल है और हम इस बारे में चुप बैठने वाले नहीं हैं और विराम देने वाले नहीं हैं। प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि वह भी चिंतित हैं, कांग्रेस पार्टी के लोग भी कहते हैं कि हम भी महंगाई से चिंतित हैं। आज सही मायने में एक ऐतिहासिक दिन है। हमारी पार्टी और अन्य पार्टियों ने बिहार सहित पूरे भारत में बंद का आयोजन किया, जो कि सफल रहा। भारत बंद के दौरान बड़े पैमाने पर हमारे कार्यकर्ताओं को पीटा गया और रेलवे के लोगों पर खतरनाक दफा लगाई गई।

**रेल मंत्री (कुमारी ममता बनर्जी):** बंद स्टेट स्पॉंसर्ड था।

**श्री लालू प्रसाद :** जो भी हो, आप सुन लीजिए। आज देश में चर्चा चल रही है, मीडिया और अन्य जगह पर भी चल रही है और सुनने में भी आ रहा है, बहुत सारे नेता और बहुत सारी पार्टियां यह आरोप लगा रही हैं कि अमुक आदमी की डील हो गई है, यह डील किसने की...(व्यवधान) आईपीएल के सवाल पर भी ऐसा ही कुछ हुआ था। उस समय सरकार का जाना तय था। नेता प्रतिपक्ष आडवाणी जी ने परसों जो कहा, मुझे उस बात का दुख है कि उन्होंने कहा कि 'एनफ' हो गया, आईपीएल के मामले में...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया:** आप अपनी बात कहें।

**श्री लालू प्रसाद :** इस पर सरकार की विदाई तय थी। इस देश के गरीबों, बेरोजगारों और आम जनता के पैसे को आईपीएल में इस तरह से लूटा गया...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया:** अब आप अपनी बात समाप्त करें।

**श्री लालू प्रसाद :** माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि आईपीएल पर कोई संयुक्त संसदीय समिति की जरूरत नहीं है। बीजेपी ने भी जेपीसी की मांग की थी।...(व्यवधान)

**श्री यशवंत सिन्हा (हज़ारीबाग):** हम लोग तो प्रिविलेज इश्यू लाए थे।...(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद :** ठीक है, जो आपको करना है, वह आप कीजिए।

**अध्यक्ष महोदया:** कृपया आपस में बात न करें और लालू जी अब आप अपनी बात समाप्त करें।

**श्री लालू प्रसाद :** कृपया मुझे बोलने दें। कांग्रेस पार्टी के बस में यह बात नहीं है कि वह महंगाई रोक सके। इसलिए यह भी चर्चा हो रही है कि कटमोशन्स के समय सरकार को बचाया जाए...(व्यवधान) हम लोग फार्मेलिटी अदा नहीं करना चाहते। हमारे कम्युनिस्ट साथियों ने तय किया है कि वे कटमोशन्स लाएंगे, लेकिन बीजेपी उनके साथ वोट नहीं करेगी, हम इनके साथ वोट करने को तैयार हैं। ...(व्यवधान) ये एनडीए के लोग और सरकार सब आपस में मिले हुए हैं।

...(व्यवधान) ये सब मिले हुए हैं। कांग्रेस पार्टी को हम आंदोलन के माध्यम से हराएंगे...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइये

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Please take your seat.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦** 

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइये। Please take your seat.

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइये, वे भी बैठ जाएंगे। आप तो बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद :** हम वाक-आउट करते हैं।...(व्यवधान)

**18.12 hrs.**

# Shri Lalu Prasad, Shri Mulayam Singh Yadav and

*some other hon. Members then left the House.*

MADAM SPEAKER: Please take your seat. Please sit down.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please take your seat.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Shri Gurudas Dasgupta, please sit down. Let me first have my say.

...(*Interruptions*)

SHRI GURUDAS DASGUPTA (GHATAL): Madam Speaker, I strongly protest against the unfounded allegations leveled by Shri Lalu Prasad.

...(*Interruptions*)